



**DURING FOURTH SESSION OF 18TH LOK SABHA, PRODUCTIVITY WAS AROUND 118 PERCENT: LOK SABHA SPEAKER/18वीं लोक सभा के चौथे सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रही**

…

**26 SITTINGS OF LOK SABHA WERE HELD DURING FOURTH SESSION, WHICH LASTED FOR 160 HOURS 48 MINUTES: LOK SABHA SPEAKER/चौथे सत्र के दौरान लोक सभा की 26 बैठकें हुईं, जो 160 घंटे 48 मिनट तक चलीं: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**DISCUSSION ON VOTE OF THANKS ON PRESIDENT'S ADDRESS LASTED FOR 17 HOURS 23 MINUTES AND 173 MEMBERS PARTICIPATED IN THE DISCISSION: LOK SABHA SPEAKER/राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 17 घंटे 23 मिनट तक चली और चर्चा में 173 सदस्यों ने भाग लिया: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**GENERAL DISCUSSION ON UNION BUDGET 2025-26 LASTED FOR 16 HOURS 13 MINUTES AND 169 MEMBERS PARTICIPATED IN DISCUSSION: LOK SABHA SPEAKER/केंद्रीय बजट 2025-26 पर सामान्य चर्चा 16 घंटे 13 मिनट तक चली और इस चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**10 GOVERNMENT BILLS WERE INTRODUCED IN LOK SABHA AND 16 BILLS WERE PASSED: LOK SABHA SPEAKER/लोक सभा में 10 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और 16 विधेयक पारित किए गए: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**202 MATTERS OF PUBLIC IMPORTANCE WERE RAISED ON 3 APRIL, 2025 WHICH IS A RECORD: LOK SABHA SPEAKER/3 अप्रैल, 2025 को लोक महत्व के 202 मामले उठाए गए जो एक रिकॉर्ड है: लोक सभा अध्यक्ष**

…

**FOURTH SESSION OF EIGHTEENTH LOK SABHA CONCLUDES/अठारहवीं लोक सभा का चौथा सत्र संपन्न हुआ**

…

**New Delhi, 4 April, 2025:** The Fourth Session of the Eighteenth Lok Sabha, which commenced on 31 January, 2025, concluded today.

On this occasion, Shri Birla informed the House that 26 sittings were held during the Session which lasted for around 160 hours 48 minutes.

The productivity of the House during the Session was 118 percent, informed Shri Birla.

The Hon'ble President of India addressed Members of both the Houses of Parliament on 31 January, 2025 and the discussion on Vote of Thanks on the President's Address lasted for 17 hours 23 minutes. 173 Members participated in the discussion, informed Shri Birla.

The Finance Minister presented Union Budget 2025-2026 on the floor of the House on 1 February, 2025. General Discussion on the Union Budget 2025-26 lasted for 16 hours 13 minutes. Shri Birla informed that 169 Members participated in the discussion. Finance Minister replied to the discussion on 11 February, 2025.

Demands for Grants of selected Ministries/ Departments were discussed in the House from 17 to 21 March, 2025 and subsequently the Demands for Grants were passed by the House. Appropriation Bill was passed in the Lok Sabha on 21 March, 2025 and the Finance Bill was passed on 25 March, 2025.

Shri Birla further informed that, 10 Government Bills were introduced and 16 Bills were passed, during the session. Some of the important bills which were passed are as follows:

(i)The Finance Bill, 2025;

(ii)The Appropriation Bill, 2025;

(iii)The "Tribhuvan" Sahkari University Bill, 2025;

(iv)The Waqf (Amendment) Bill, 2025; and

(v)The Immigration and Foreigners Bill, 2025

During the Session, 134 starred questions were answered orally. A total of 691 Matters of Public Importance were raised by the Members during the Zero Hour and on 3 April, 2025, a record number of 202 Matters of Public Importance were raised, Shri Birla informed. A total of 566 matters were taken up under Rule 377 during the Session.

Shri Birla informed that during the Session, a total number of 32 Statements, including 23 Statements under Direction 73A.

61 Reports were presented by Departmentally Related Standing Committees and as many as, 2518 papers were laid on the Table of the House, informed Shri Birla.

A Calling Attention Motion on hardships faced by fishermen community was discussed under Rule 197 on 1 April, 2025.

As regards Private Members' Business, a Private Member's Resolution moved by Shri Shafi Parambil, MP, regarding appropriate measure to regulate airfare in the country was discussed in the House on 28 March, 2025 however, the discussion remained inconclusive.

On 2 April, 2025, Statutory Resolution ratifying President's Rule in Manipur was adopted by the House.

During the Session, the House welcomed the Russian Parliamentary Delegation led by Chairman of the State Duma of the Federal Assembly of the Russian Federation, H.E., Mr. Vyacheslav Volodin on 3 February 2025. On 11 February 2025, the House welcomed the Parliamentary Delegation from Maldives led by H.E. Mr. Abdul Raheem Abdulla, Speaker of the People's Majlis of Maldives. Similarly, on 12 March 2025, the House welcomed the Parliamentary Delegation from Madagascar led by H.E. Mr. Justin Tokley, President of the National Assembly of Madagascar.

**नई दिल्ली, 4 अप्रैल, 2025:** अठारहवीं लोक सभा का चौथा सत्र, जो 31 जनवरी, 2025 को शुरू हुआ था, आज संपन्न हो गया।

इस अवसर पर, श्री बिरला ने बताया कि सत्र के दौरान 26 बैठकें हुईं जो लगभग 160 घंटे 48 मिनट तक चलीं।

श्री बिरला ने यह भी बताया कि सत्र के दौरान सभा की कार्य उत्पादकता लगभग 118 प्रतिशत रही।

भारत के माननीय राष्ट्रपति ने 31 जनवरी, 2025 को संसद के दोनों सदनों के सदस्यों को संबोधित किया और राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा 17 घंटे 23 मिनट तक चली। श्री बिरला ने बताया कि इस चर्चा में 173 सदस्यों ने भाग लिया।

वित्त मंत्री ने 1 फरवरी, 2025 को सभा में केंद्रीय बजट 2025-2026 पेश किया। केंद्रीय बजट 2025-26 पर सामान्य चर्चा 16 घंटे 13 मिनट तक चली। श्री बिरला ने बताया कि इस चर्चा में 169 सदस्यों ने भाग लिया। वित्त मंत्री ने 11 फरवरी, 2025 को चर्चा का उत्तर दिया।

17 से 21 मार्च, 2025 तक सभा में चयनित मंत्रालयों/विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा की गई और तत्पश्चात सभा द्वारा अनुदान मांगों को पारित कर दिया गया। लोक सभा में 21 मार्च, 2025 को विनियोग विधेयक और 25 मार्च, 2025 को वित्त विधेयक पारित किया गया।

श्री बिरला ने जानकारी दी कि सत्र के दौरान 10 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किए गए और 16 विधेयक पारित किए गए। पारित किए गए कुछ महत्वपूर्ण विधेयक निम्नलिखित हैं:

(i) वित्त विधेयक, 2025;

(ii)विनियोग विधेयक, 2025;

(iii) "त्रिभुवन" सहकारी यूनिवर्सिटी विधेयक, 2025; (iv) वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2025; और

(v) आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025

सत्र के दौरान 134 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिए गए। शून्य काल के दौरान सदस्यों ने लोक महत्व के कुल 691 मामले उठाए। श्री बिरला ने बताया कि 3 अप्रैल, 2025 को लोक महत्व के 202 मामले उठाए गए जो अभी तक किसी भी लोक सभा में एक दिन में शून्य काल के दौरान उठाए जाने वाले लोक महत्व के मामलों की रिकॉर्ड संख्या है। सत्र के दौरान नियम 377 के अधीन कुल 566 मामले उठाए गए।

सत्र के दौरान कुल 32 वक्तव्य दिए गए, जिनमें निदेश 73क के अधीन 23 वक्तव्य शामिल हैं।

सत्र के दौरान विभागों से सम्बद्ध स्थायी समितियों द्वारा 61 प्रतिवेदन प्रस्तुत किए गए तथा सभा पटल पर 2518 पत्र रखे गए।

'मछुआरा समुदाय के समक्ष आ रही कठिनाइयों' पर नियम 197 के अधीन ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर 1 अप्रैल, 2025 को चर्चा की गई।

गैर-सरकारी सदस्यों के कार्यों में ‘देश में हवाई किराए को विनियमित करने के उचित उपायों’ के संबंध में संसद सदस्य, श्री शफी परम्बिल द्वारा प्रस्तुत गैर-सरकारी सदस्य के संकल्प पर 28 मार्च, 2025 को सभा में चर्चा की गई, परंतु यह चर्चा पूरी नहीं हुई।

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन की उद्घोषणा की अभिपुष्टि करने वाले सांविधिक संकल्प को सभा ने 2 अप्रैल, 2025 को पारित किया।

सत्र के दौरान, सभा ने 3 फरवरी 2025 को रूस की फेडरल एसेम्बली की स्टेट ड्यूमा के चेयरमैन, महामहिम श्री व्याचेस्लाव वोलोदिन के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए रूसी संसदीय शिष्टमंडल का स्वागत किया। 11 फरवरी 2025 को, सभा ने मालदीव की पीपुल्स मजलिस के स्पीकर, महामहिम श्री अब्दुल रहीम अब्दुल्ला के नेतृत्व में आए मालदीव के संसदीय शिष्टमंडल का स्वागत किया। इसी प्रकार, 12 मार्च 2025 को, सभा ने मेडागास्कर की नेशनल असेंबली के प्रेसीडेंट, महामहिम श्री जस्टिन टोकले के नेतृत्व में भारत यात्रा पर आए मेडागास्कर के संसदीय शिष्टमंडल का स्वागत किया।